हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 26 अक्टूबर 2025



# हड़ताल पर गए ड्राइवर, वाहनों को रोका, बस के सामने बैठकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन द्वारा अपनी 9 प्रमुख मांगों को लेकर आज से स्टेयरिंग छोड़ो अभियान के तहत हड़ताल का आगाज किया गया। इस हड़ताल में शामिल वाहन चालकों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते शहर के फरहद चौक के समीप वाहनों को रोककर अन्य ड्राइवर को हड़ताल में शामिल होकर समर्थन देने समझाइश दी।

छत्तीसगढ़ प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी, ड्राइवर आयोग, वेलफेयर का गठन, पेंशन, बीमा, सुरक्षा कानून सहित अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरूआत आज से कर दी गई है। हड़ताल के पहले दिन संगठन के ड्राइवर अन्य वाहन चालकों को रोककर वाहन नहीं चलाने को लेकर समझाइए देते रहे। शहर के फरहद चौक के समीप ड्राइवर संगठन के लोगों ने टेंट लगाकर मालवाहक, ट्रक, बस, टैक्सी को रोका और ड्राइवरों को वाहन से उतारकर इस आंदोलन में शामिल होते हुए वाहन नहीं चलाने कहा। इधर ड्राइवर महासंगठन के हड़ताल को बस, ट्रक और टैक्सी एसोसिएशन द्वारा अपना समर्थन नहीं दिया गया था। जिसके चलते बस, ट्रकें और टैक्सी चालू रही। जिसका विरोध भी देखने मिला। ड्राइवर महासंगठन के लोगों ने ट्रक और बसें चलने को लेकर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई ड्राइवर के हित के लिए है। जिसमें सभी को साथ देना चाहिए।

## अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन में जुटे वाहन चालक

### आगे उग्र होगा आंदोलन

ड्राइवर महासंगठन के दुर्ग संभाग प्रभारी जयनारायण वैष्णव ने कहा कि पूरे प्रदेश में संगठन द्वारा हड़ताल का आव्हान किया गया है। आज पहले दिन वाहन चलाने वाले ड्राइवरों को समझाइश देकर छोड़ रहे हैं। आगे आंदोलन और भी उग्र हो सकता है। उन्होंने कहा कि हम 3 साल से ड्राइवर के हित में मांग कर रहे हैं। शासन-प्रशासन हम पर दबाव डालकर गाड़ियों को नहीं रोकने दे रहा है, जब तक गाड़ियों को नहीं रोकेंगे, तब तक आंदोलन सफल नहीं होगा।



### सीमा पर रोके गए वाहन

ड्राइवर महासंगठन द्वारा जिले के महाराष्ट्र सीमा के समीप भी संगठन के लोगों को तैनात करके छत्तीसगढ़ - महाराष्ट्र से आने-जाने वाली वाहन चालकों को इस आंदोलन को बल देने रोका गया। इधर आंदोलन को देखते हुए डोंगरगांव, डोंगरगढ़ और चौकी जाने वाले कुछ लोगों द्वारा ई-रिक्शा, ऑटो, टैक्सी से आवागमन किया गया।

### सीएसपी ने दी समझाइश

ड्राइवर महासंगठन द्वारा बस रोककर सड़क पर उसके सामने बैठकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर पुलिस जवान भी तैनात रहे। पुलिस जवान ड्राइवर संगठन के लोगों को वाहन नहीं रोकने को लेकर समझाइश देते रहे, लेकिन पुलिस के सामने ही वाहनों को रोका जाता रहा। माहौल बिगड़ता देख सीएसपी वैशाली जैन भी मौके पर पहुंची और ड्राइवर संगठन से जुड़े लोगों को उन्होंने कानून व्यवस्था की स्थिति नहीं बिगाड़ने को लेकर चेतावनी दी। चक्काजाम करने की कोशिश की गई। जबकि शांतिपूर्ण आंदोलन के लिए परमिशन दिया गया है। सीएसपी ने कहा कि आंदोलनकारी ड्राइवर को टेंट के भीतर बैठकर प्रदर्शन करने समझाइश दी गई है।

## खबर संक्षेप

### दो फरार वारंटी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** आबकारी एक्ट के मामले में फरार दो गिरफ्तारी वारंटी को पकड़कर बागनदी पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार थाना बागनदी के अपराध क्रमांक 36/18 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के फरार आरोपी मुकेश सिंह राजपूत 31 वर्ष निवासी भगवानटोला एवं शिशुपाल सिंह राजपूत 25 वर्ष साकिन घोरतलाव फरार चल रहे थे। फरार आरोपियों को बागनदी पुलिस द्वारा टीम गठित कर पतासाजी कर गिरफ्तारी वारंट तामिल कर न्यायालय में पेश किया गया।

### निषाद समाज का आज परिचय सम्मेलन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ निषाद केंवट समाज का क्षेत्रीय स्तरीय एवं पचगईया युवक-युवती परिचय सम्मेलन क्षेत्रीय, पंचगइहां एवं समस्त ग्रामीण निषाद समाज अर्जुनी के सहयोग से द्वितीय क्षेत्रीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं दीपावली मिलन समारोह कल 26 अक्टूबर को सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक सेन्ट्रल स्कूल जैन पेट्रोल पम्प के पास धनीराम शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अर्जुनी में किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्रुपद मुन्ना निषाद जिलाध्यक्ष निषाद समाज राजनांदगांव तथा अध्यक्षता बसंत कुमार निषाद अध्यक्ष परिक्षेत्रीय निषाद समाज अर्जुनी करेंगे। विशिष्ट अतिथि गिरधर निषाद, टीकम निषाद, लोकेश निषाद, ईश्वर निषाद, हीरा निषाद, डॉ. चमन निषाद, सुशीला निषाद, पदमनी निषाद, चैनकुमार सोनवानी, मौजीराम, ललिता तामेश्वर, रेखालाल उपस्थित रहेंगे।

## जिले में 96 सहकारी समितियों के जरिये होगी खरीदी, तैयारियां शुरू

# तीन टोकन ही मिलेंगे, एग्रीस्टेक में पंजीयन अनिवार्य, 15 से होगी खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश सरकार के निर्देश पर इस वर्ष भी 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी। जिसको लेकर जिला केंद्रीय सहकारी बैंक द्वारा जिले की 96 धान खरीदी केन्द्रों में खरीदी को लेकर तैयारी की जा रही है। बताया गया कि नए आदेश अनुसार किसानों को अधिकतम तीन टोकन जारी किए जाएंगे। इनमें निरस्त किए गए टोकन भी शामिल होंगे।

वहीं धान बेचने से पहले किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य किया गया है। हालांकि लगभग किसानों ने अपना पंजीयन करा लिया है। वहीं पिछले साल टारगेट से कम आवक को देखते हुए इस बार खरीदी का लक्ष्य बढ़ाने के बजाए घटा दिया गया है। जिले में इस बार 7.6 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की जाएगी।

इधर धान खरीदी को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए तैयारियों के तहत समिति प्रबंधक और ऑपरेटरों की ट्रेनिंग भी प्रारंभ की जा रही है। शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभागार में धान खरीदी को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। वहीं अलग-अलग स्तर पर धान खरीदी की समुचित व्यवस्था पर प्रशिक्षण होगा।

## खरीदी से पहले नए आदेश को लेकर प्रबंधन खफा, आंदोलन में जुटे



### निरस्त टोकन भी गिने जाएंगे

मिली जानकारी के अनुसार इस बार टोकन जारी करने से पहले पुराने निरस्त टोकन की एंट्री पहले करनी होगी। इसके अलावा किसानों को मिलने वाले टोकन के निरस्त होने के बाद भी उसकी गणना की जाएगी। बताया गया कि छोटे किसानों से दो बार में एवं बड़े किसानों से अधिकतम तीन बार में खरीदी होगी। हालांकि इस दौरान उनसे खरीदी की तय मात्रा प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से ही ही धान लिया जाएगा।

### 78 दिन चलेगी खरीदी

इस बार धान खरीदी की शुरूआत 15 नवंबर से की गई है। यह सरकारी खरीदी आगामी 31 जनवरी तक लगभग 78 दिन तक चलेगी। इस वर्ष जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के माध्यम से 7 लाख 62 हजार 594 मीट्रिक टन धान की खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। संभावना है कि इससे भी अधिक खरीदी जिले में की जाएगी। ऐसे में पिछले साल का रिकार्ड टूटने के साथ ही खरीदी का एक नया रिकार्ड जिले में स्थापित होगा।

### किसानों ने कराया पंजीयन

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सीईओ सुधीर सोनी ने बताया कि बीते वर्ष 1 लाख 25 हजार 611 किसानों से धान की खरीदी की गई थी। वहीं इस वर्ष धान विक्रय के लिए अब तक 1 लाख 23 हजार 296 किसानों ने अपना पंजीयन कर लिया है। वहीं उन्होंने बताया कि पंजीयन के लिए 31 अक्टूबर तक की अंतिम तिथि है। ऐसे में लगभग दो हजार किसान का पंजीयन अब भी बाकी है।

### प्रति एकड़ 21 क्विंटल होगी धान खरीदी

प्रदेश सरकार के निर्देश के अनुसार समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जाएगी। जिसके लिए किसानों को ऑनलाइन टोकन दिया जाएगा। समर्थन मूल्य के तहत 2369 रुपए में कामन और 2389 रुपए में ए-ग्रेड के धान की खरीदी होगी। वहीं अंतर की राशि सीधे बैंक खाते में ही भेजी जाएगी। ज्ञात हो कि किसानों से 15 नवंबर से 31 जनवरी के मध्य खरीदी होनी है।

## 336 पौवा के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत आरोपी को पकड़कर 336 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि कुमर्दा निवासी डिगेश्वर साहू नामक व्यक्ति डामर प्लांट के सामने मोंगरा नहर पुलिया ग्राम कुमर्दा के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंजार कर रहा है। सूचना पर थाना एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम ने घटनास्थल पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया। रेड़ कार्रवाई के दौरान आरोपी डिकेश्वर साहू 33 साल निवासी कुमर्दा के पास से 336 पौवा देशी प्लेन शोले ब्रांड शराब कीमती 26880 रुपए एवं शराब बिक्री रकम 960 रुपए कुल जुमला कीमती 27840 रुपए को बरामद कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।




## माय एंगल




# नहाय-खाय से शुरू हुआ चार दिवसीय छठ महापर्व, कल घाट में जुटेंगी व्रती महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भगवान सूर्यदेव की उपासना एवं छठी माता की पूजा का पर्व छठ आज नहाय-खाय के साथ प्रारंभ हो चुका है। चार दिनों तक मनाए जाने वाले इस पर्व को लेकर लोगों में श्रद्धा-भक्ति का माहौल है। सूर्यदेव को अर्ध्य देने तालाब परिसर में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को देखते हुए तालाब की साफ-सफाई एवं साज-सजावट की गई है। पंचाग के अनुसार छठ पूजा की शुरूआत कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से होती है।

जिसका समापन सप्तमी तिथि पर होता है। छठी मईया और भगवान सूर्यदेव की पूजा का यह पर्व आज 25 अक्टूबर नहाय-खाय से प्रारंभ हो गया है। आज लोगों ने पूरे घर की साफ-सफाई व स्नान कर व्रत का संकल्प लिया। चना दाल, कद्दू की सब्जी और चावल का प्रसाद ग्रहण किया। कल दूसरे दिन 26 अक्टूबर को खरना है। इस दिन व्रती व्रत रखकर शाम को गुड वाली खीर का प्रसाद बनाएंगी, फिर सूर्यदेव की पूजा करने के बाद यह प्रसाद ग्रहण किया जाएगा। इसके बाद व्रत का पारण छठ पर्व के समापन के बाद किया जाएगा।



### तालाब में उमड़ेगी भीड़

तीसरे दिन 27 अक्टूबर को श्रद्धा भक्ति के साथ सूर्यदेव की पूजा की जाएगी। डूबते हुए सूर्यदेव को अर्ध्य देने बड़ी संख्या में भक्त तालाब व नदी के किनारे एकत्र होकर पानी में उतरकर भगवान सूर्यदेव को अर्ध्य देंगे। इस दिन मौसमी फल और अन्य प्रसादी भगवान सूर्य को अर्पित किया जाएगा। चौथे दिन 28 अक्टूबर को उगते हुए सूर्यदेव को अर्ध्य देकर मंगल कामना की जाएगी। इसके बाद प्रसाद ग्रहण कर व्रत का पारण किया जाएगा।

### अंचल में श्रद्धा-भक्ति का रहेगा वातावरण

सूर्य को अर्ध्य देने के लिए 27 व 28 अक्टूबर को तालाबों में पूजा की सामग्री लिए बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति बनेगी। बाजे-गाजे एवं पारंपरिक भक्ति गीतों की गूंज तालाब परिसर में बनी रहेगी। यहां का माहौल देखते ही बनेगा। बच्चों से लेकर बड़े तक पर्व पर पटाखे फोड़कर खुशियां बांटेंगे। पर्व को लेकर लोगों ने पूर्व से ही बाजार में खरीदी कर ली है। छठ महापर्व को लेकर लोगों में हर्षोल्लास एवं श्रद्धा-भक्ति का माहौल है। शहर के श्री गणेश मंदिर परिसर स्थित मोती तालाब में पर्व के लिए विशेष तैयारियां की जा रही है।




## अगले तीन दिन ऐसे ही मौसम के आसार, अंचल में बढ़ी ठंडकता

# बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर से बदला मौसम बारिश से फसल को नुकसान की चिंता में किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बंगाल की खाड़ी में बने एक नए लो प्रेशर की वजह से अंचल में भी मौसम बदलने वाला है। विभाग के अनुसार कल सोमवार से प्रदेश के अधिकांश इलाकों में हल्की बारिश देखने को मिल सकती है। बारिश के आसार बनने से ठंड में कमी देखने को मिली है। वहीं बेमौसम बारिश होने से धान की फसल प्रभावित होने की भी चिंता बढ़ गई है।



मौसम विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर लो प्रेशर एरिया बन गया है, जो 27 अक्टूबर की सुबह तक चक्रवाती तूफान का रूप ले सकता है। इस सिस्टम के असर से राजनांदगांव सहित अन्य जिलों में भी 27 अक्टूबर से पूरे राज्य में बारिश की गतिविधियां बढ़ती हुई नजर आ सकती है। इधर बस्तर संभाग के जिलों में अगले 4 दिनों तक बादल गरजने के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार बताए गए हैं। जिसका असर मोहला-मानपुर जिले में भी दिखाई दे सकता है। विभाग ने प्रदेश के कुछ इलाकों में अगले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर बिजली गिरने और गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा की भी संभावना जताई गई है।

### धान फसल को बचाने में जुटेंगे किसान

ज्ञात हो कि आगामी 14 नवंबर से धान खरीदी की शुरूआत होनी है। इससे पहले दिवाली पर्व के बाद से ही अंचल में धान कटाई की शुरूआत हो गई है। ऐसे में अब आगामी दिनों में बेमौसम बारिश का असर खेतों की खड़ी फसलों पर पड़ सकता है। वहीं जिन किसानों ने धान की कटाई कर ली है, परन्तु फसल अभी खेतों में ही रखी हुई है, वहां धान खराब होने का खतरा बढ़ गया है।

### तापमान आया नीचे

ज्ञात हो कि पिछले कुछ दिनों से अंचल का अधिकतम तापमान 33 डिग्री के आसपास ही बना हुआ था, परन्तु मौसम में आए बदलाव के बाद शनिवार को छाई रही बदली के चलते दिन के तापमान में गिरावट देखने को मिली है। शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम पारा 20 डिग्री सेल्सियस पर रहा। आगामी 2-3 दिन में तापमान चढ़ने के आसार कम दिखाई दे रहे हैं।







## खबर संक्षेप

### क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



**अर्जुनी।** करमतरा क्षेत्र के जनपद सदस्य टुमन लाल साहू ने शनिवार को जनपद कप क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन किया। प्रतियोगिता में करमतरा, मरेठा नवागांव, संबलपुर, कुतुलबोड़ भाठागांव, सिर्रा आदि ग्रामों की टीमों ने भाग लिया। स्पर्धा का शुभारंभ जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने किया। जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कपिल पड़ोती, उमेश साहू, विवेक मंडावी, रोहित साहू ने आयोजन में शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### दो आरोपियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई



**डोंगरगढ़।** स्थानीय पुलिस ने 2 आरोपियो के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय पेश किया गया। थाना प्रभारी उपेन्द्र शाह ने बताया शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु पुलिस टीम लगातार गस्त कर अवैध गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रख रही है। अभियान के तहत गत 24 अक्टूबर को मुसराकला बजार चौक के पास अनावेदक बबलु उर्फ टिकेश्वर पिता रामकुमार साहू एवं गोवर्धन साहू पिता छबिलाल साहू ने भवानदास साहू को धमकी देते हुए मरने मारने पर उतारू हो गए थे। लोगों के समझाने पर आक्रोशित होकर गाली- गलौच, मारपीट करने पर उतारू हो गए। आरोपियों के विरूद्ध धारा 170/126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया।

### जीएसटी घटा पर दाम ज्यों के त्यों

**खड़गांव।** उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए जीएसटी में छूट दी गई है किन्तु इसका लाभ आम लोगों को नहीं मिल रहा है। उपभोक्ता भीखम रावटे ने बताया कि 22 सितंबर से जीएसटी के स्लेब में बदलाव किया गया है ताकि आम उपभोक्ता वस्तुओं के दाम कम हो सके किन्तु केन्द्र सरकार की घोषणा की अवहेलना करते हुए पुराने दाम पर ही सामान बेचा जा रहा है। वर्तमान में किसी भी सामान का दाम कम नहीं हुआ है। छूट के बाद भी लोगों को पुराने दाम पर ही सामान खरीदना पड़ रहा है। कुछ जगहों पर पहले से ज्यादा रेट पर सामान बेचा जा रहा है वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया में दिखाया जा रहा है कि जीएसटी कम होने के बाद कम मूल्य पर सामान बेचा जा रहा है लेकिन हकीकत में ठीक विपरीत है। भीखम रावटे ने बताया कि प्रशासन द्वारा टोल फ्री नंबर जारी किया है जो किसी काम का नहीं है। उन्होंने जिलाधीश से जीएसटी कम होने का लाभ जनता को दिलाने के लिए अपेक्षित कदम उठाने की मांग की है।

### नि:शुल्क जांच और उपचार



**खुज्जी।** मानव धर्म सेवा संस्थान ऋषिकेश के वैद्य राम पांडे द्वारा विभिन्न बीमारियों का उपचार नाड़ी देख कर किया जा रहा है। लोग बड़ी संख्या में उपस्थित होकर ईलाज करवा रहे हैं। सरपंच अजय पंसारी ने इस कार्य के लिए संस्थान की प्रशंसा करते हुए लोगों से चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाने का निवेदन किया है।

### गौरा गौरी का विसर्जन



**डोंगरगढ़।** ग्राम घोटिया में गौरा गौरी का विसर्जन कलश यात्रा निकालकर किया गया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

### बेमौसम बारिश ने बढ़ाया किसानों की परेशानी

# बारिश से तैयार फसल बर्बाद किसानों को भारी नुकसान

## धान की कटाई नहीं कर पा रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

दीपावली के बाद धान सहित अन्य फसलों की कटाई तेज होने की संभावना थी किन्तु बारिश अंचल के किसानों का पीछा नहीं छोड़ रही है। दिवाली के पहले बारिश होने के कारण त्यौहारी बाजार मंदा रहा और अब बारिश ने किसानों की चिंता और परेशानी में डाल दिया है। खेतों में फसल के तैयार होने के बाद भी किसान कटाई नहीं कर पा रहे है जिसकी वजह यह है कि खेतों में पानी भरा है साथ मौसम भी अब तक पूरी तरह साफ नहीं हुआ है।

उल्लेखनीय है कि दिवाली के पूर्व लगातार बारिश होने से फसल की कटाई नहीं हो सकी। दिवाली के बाद किसानों से कटाई शुरू किया तो आज जबरदस्त बारिश ने जहां फिर ब्रेक लगा दिया था वहीं खेतों में खड़ी फसल के खराब होने की आशंका बढ़ गई है। शनिवार को 2 से 4 बजे तक जबरदस्त बारिश होने से काटी गई फसल के भीग कर खराब होने की आशंका बढ़ गई है। बारिश से खड़ी फसलों के भी प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है।

### सिर पर चढ़ा कर्ज

गौरतलब है कि बहुसंख्यक किसान खेती के लिए कर्ज लेते है। फसल बेचकर कर्ज चुकाने के अलावा बचत राशि से बच्चों की शादी या अन्य जरूरतों को पूरा करते है लेकिन वर्तमान स्थिति को देखकर लगता है कि इस बार किसानों को आने वाले दिनों संकट का सामना करना पड़ सकता है। बहरहाल अचानक बारिश होने से किसानों को काफी नुकसान हुआ है।



### तनाव में किसान

अंचल में लगातार बारिश होने के बाद किसानों को तनाव में देखा जा रहा है। किसानों ने फसल खराब होने के कारण से किसानों को मुआवजा देने की मांग की है। किसान मंडावी ने बताया कि बारिश होने के कारण फसल पूरी तरह खराब हो गई है। धान काला होने के कगार पर है। रतन गावड़े ने बताया कि कटाई के दौरान बारिश होने से फसल पूरी तरह भीग गई है। धान खराब हो गया है। किसान विसंभर ने बताया कि कर्ज लेकर खाद खरीदा और फिर मेहनत कर फसल को तैयार किया किन्तु जब कटाई की बारी आई तो बारिश ने सब कुछ तहस नहस कर दिया। अन्य किसानों का कहना है कि इस वर्ष फसल बहुत बढ़िया थी लेकिन बारिश ने चौपट कर दिया है।

### खेतों में पानी, कटाई बाधित

**मुरमुंदा।** बेमौसम बारिश से धान की फसल को नुकसान हो रहा है। अंचल में शनिवार को अचानक बारिश हुईं जिससे खेतों में खड़ी धान फसल को नुकसान पहुंचा है। धान की फसल की बाली निकल चुकी है और कई फसल पक चुकी है ऐसा में बारिश होने से किसानों को नुकसान होने की आशंका बढ़ गई है। हरूना किस्म की धान को सर्वाधिक नुकसान होने की जानकारी किसानों ने दी है। उन्होंने बताया कि बेमौसम बारिश होने से खेतों में पानी भर गया और पकने के बाद भी धान की कटाई नहीं हो पा रही है। तेज हवा के कारण कई खेतों की फसल गिर गई जिससे धान सड़ने की आशंका बढ़ गई है।



# बिना बिल के सोना-चांदी की बिक्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- ईनाम देकर ग्राहकों को लुभाया व्यापारियों ने
- अवैध बिक्री से शासन को टैक्स का नुकसान

दीपावली त्यौहार में ग्राहकों को जीएसटी में कटौती का फायदा मिला इसके बाद भी व्यापारियों ने ग्राहकों को आकर्षित करने कई स्कीम से जोड़ने का प्रयास किया। इस बार सोना-चांदी, कपड़ा, इलेक्ट्रानिक समान दो किस्म के थे। बिना बिल के समान खरीदने वालों को छूट के साथ स्कीम का फायदा दिया गया। पक्के बिल में करोडो का व्यापार हुआ किन्तु लोगों ने बिना बिल के भी जमकर खरीदी किया। सोने और चांदी की कीमत में उछाल के बाद कई सराफा व्यपारीयों ने बिना हाल मार्क वाला माल खपाया है। ग्राहकों ने दुकानदार पर भरोसे करते हुए बिना बिल के ही खरीदी किया।

डोंगरगढ़ में ऐसे कई सराफा व्यापारी हैं जो अवैध कारोबार कर रहे है और बड़े पैमाने पर जमीन की खरीदी करने के अलावा अवैध रूप से सोना चांदी का अवैध भंडारण कर रखा है। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने दीवाली के पूर्व सोना चांदी की तस्करी की खबर प्रकाशित किया था। बताया जाता है कि वाहनों को छोड़ कर अन्य का कच्चे बिल में बिक्री किया गया है।

### अन्नकूट प्रसाद का वितरण



**डोंगरगढ़।** दीपावली के बाद से शहर के विभिन्न मंदिरों में अन्नकूट प्रसाद का दौर शुरू हुआ जो निरंतर जरी है। शहर के प्रमुख बजरंग मंदिर, महावीर मंदिर, पंचायती मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, नरसिंग मंदिर सहित अन्य मंदिर में अन्नकूट का वितरण हुआ। शहर प्राचीन तप्सी मंदिर में गौशाला कमेटी के तत्वावधान में गोपाष्टमी 29 अक्टूबर, राम मंदिर में 26 अक्टूबर एवं जमात मंदिर में आखरी अन्नकूट 4 नवंबर को होगा।

# धर्म नगरी में भक्तों का तांता

**डोंगरगढ़।** मां बम्लेश्वरश्की नगरी में दिवाली बाद से दर्शनार्थियों का हुजुम देखने मिल रहा है। शुक्रवार की शाम से बड़ी संख्या भक्त पहुंचने लगे थे। लोगों की आवाजाही शनिवार शाम तक बनी रही। पिछले 3 दिनों में लगभग 50 हजार दर्शनार्थियों ने यहां पहुंचकर माता रानी का दर्शन किया है। कल रविवार को भी हजारों की संख्या में दर्शनार्थियों के पहुंचने की संभावना है। पहली बार यह देखने मिल रहा है कि दिवाली बाद इतनी बड़ी संख्या में लोग देवी दर्शन करने पहुंच रहे हैं। कहा जा रहा है कि क्वांर नवरात्रि के दौरान मौसम के खराब होने से लगभग 3 से 4 लाख दर्शनार्थी कम आये थे जो अब दिवाली बाद पहुंच रहे हैं। माता के दरबार में 31 दिसम्बर और 1 जनवरी को जिस प्रकार भीड़ उमड़ती है ठीक उसी प्रकार भक्तों का हुजुम पहुंच रहा है।



### पूर्व सीएम बघेल से सौजन्य मुलाकात

**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सौजन्य मुलाकात कर दीपावली की बधाई दी। पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल ने सभी को प्रेम, भाईचारे और खुशहाली के इस पर्व की शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान उपस्थित जनों ने कहा कि श्री बघेल का स्नेह, सरलता और जनता के प्रति समर्पण भाव सदैव प्रेरणादायी रहा है।

# नीट परीक्षा में शिशु मंदिर का अंश सफल, प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते पदक



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पूर्व छात्र अंश कुमार टंडन का नीट परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद बीएएमएस में चयन हुआ है। इसी प्रकार क्षेत्रीय योगासन प्रतियोगिता में विद्यालय के मेघराज वर्मा ने एक गोल्ड मेडल व दो सिल्वर मेडल प्राप्त किया। अब वह अखिल भारतीय स्तर पर योग प्रदर्शन करने जाएगा। विद्यालय की कबड्डी टीम ने क्षेत्रीय प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। टीम के एक खिलाड़ी नितेश वर्मा का कबड्डी रेडर के रूप में उनका चयन हुआ है। वह अब अखिल भारतीय स्तर पर कबड्डी खेलने के लिए बैतूल जाएगा। सभी को विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष सुनील जैन, मीना गिरधर, नीलम चोपड़ा, सुशील जैन, प्रकाश गिरधर, प्रभाकरराव गिरधर, नारायणलाल अग्रवाल, सुरेश सोनी, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, राजेंद्र जैन, गोपाल खेमुका, प्राचार्य प्रकाश यादव, प्रधानाचार्य जागेश्वर लाल, आचार्य सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, वीरसिंह यादव, धर्मेंद्र गोमस्ता, विनोद ताम्रकार, बोधन भारद्वाज, सुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवीसिंह ठाकुर, कीर्ति दफेदार, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, पल्लवी, कौशल्या वर्मा, प्रीति वाला वैष्णव आदि ने बधाई दी है।

### पर्व को लेकर शहर के लोगों में उत्साह का माहौल

# छठ महापर्व की विधिवत शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

लोक आस्था के महापर्व छठ की शुरुआत शनिवार को नहाय खाय के साथ हो गई। कल रविवार को खरना के साथ व्रती 36 घंटे के उपवास की शुरुआत करेंगे। पर्व को लेकर शहर में जमकर उत्साह का माहौल देखने मिल रहा है।

जानकारी के अनुसार छठ महापर्व के तहत आगामी 27 अक्टूबर की शाम को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा।

इसी क्रम में आगामी 28 अक्टूबर को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ महापर्व का समापन होगा। धर्मनगरी में यह पर्व महावीर तालाब व करवारी बांध में मनाया जाता है। समाज प्रमुखों की माने तो चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व में आस्था, स्वच्छता और सेवा का प्रतीक होता है। महावीर तालाब में इस महापर्व को देखते हुए प्रशासन व समाज के लोगों ने व्यापक तैयारियां की गई। इस महापर्व में समाज प्रमुख बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं।



### छठ और सात्विकता

समाज प्रमुखों की माने तो छठ और सात्विकता एक दूसरे के पूरक हैं। छठ की शुरुआत नहाय-खाय से होती है, लेकिन सात्विक खाने की शुरुआत 20 दिन पहले हो जाती है। छठ के पहले दिन नहाय खाय में व्रती अरवा चावल, चने की दाल और कद्दू की सब्जी ग्रहण कर शरीर को सात्विक बनाते हैं। दूसरे दिन 24 घंटे के निर्जला उपवास के बाद गुड़ की खीर के साथ रोटी ग्रहण करते हैं। इससे व्रती का शरीर पूरी तरह से सात्विक हो जाता है। इसी स्थिति में 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू होता है। व्रती बांस से बने सूप में पूजा की सामग्री रख अस्ताचलगामी सूर्य और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देते हैं। पवित्रता के लिए नए सूप व चूल्हे का प्रयोग किया जाता है।

### सिन्हा समाज का दिवाली मिलन आज

**डोंगरगांव।** छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा समाज डोंगरगांव ने कल 26 अक्टूबर को सिन्हा भवन में दिपावली मिलन समारोह एवं कार्यकारणन्की बैठक रखा है। दिवाली मिलन के पश्चात सामाजिक उत्थान सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी मिडिया प्रभारी जितेन्द्र सिन्हा ने दी।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### दिसंबर में सामान्य सभा की बैठक

**राजनांदगांव।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छ.ग. रहटादह पं क्र. 1282 उपसमिति राजनांदगांव द्वारा आगामी दिसंबर माह में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की जाएगी। उप समिति अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह क्षत्रिय ने बताया कि राजस्थान भ्रमण सामाजिक सदस्यों के लिए किया जाएगा एवं वार्षिक सदस्य बुक का वितरण किया जा रहा है। जिसकी अंतिम तिथि 30 नवंबर को रखा गया है। वहीं दो दिवसीय खेलकूद का आयोजन एवं करियर गाइडेंस का आयोजन किया जाएगा। साथ ही आगामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी केन्द्रीय मीडिया सेल प्रमुख ठा. आदर्श सिंह ने दी।

### मेढ़ा मंडई 27 को

**मेढ़ा।** डोंगरगढ़ अंचल की पहली मंडई ग्राम में आगामी 27 अक्टूबर को रखा गया है।

लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ गायक विवेक शर्मा के रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। सरपंच अमिला देवांगन, राजेंद्रा देवांगन, ओंकार यादव ने लोगों से मेला में शामिल होने का आव्हान किया है।

### अधोसंरचना मद से होगा कांप्लेक्स का कायाकल्प

# सामान्य सभा की बैठक में दो करोड़ रुपए के कामों के लिए मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

नगरीय प्रशासन विकास विभाग से अधोसंरचना मद से मिले दो करोड़ की राशि से अब नगर की तस्वीर बदलेगी। इस मद से आई आधी राशि से नगर के सभी वार्डों में नाली, सड़क से जुड़े विकास कार्य होगे। वही शेष राशि से नगर के वर्षों से रुके एवं जरूरी कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराया जाएगा।

दीपावली पर्व से पहले हुई नगर पंचायत की सामान्य सभा में पार्षदों ने नगर के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर काम करने की सहमति दी है। नगर पंचायत की सामान्य सभा नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । दो घंटे चली इस सामान्य सभा में नगर अध्यक्ष ने सबसे पहले विकास राशि की मंजूरी देने के लिए प्रदेष के सीएम विष्णुदेव साय व डिप्टी सीएम एवं विभागीय मंत्री अरुण साव का आभार ज्ञापित किया। अध्यक्ष ने कहा कि पिछले एक वर्ष से नगर में नए कार्य स्वीकृत नहीं होने से विकास की गति काफी धीमी है। इसलिए सभी वार्डों में कार्य कराया जाना नितांत आवश्यक है। नगर अध्यक्ष ने सभा में पार्षदों के समक्ष प्रस्ताव रखा की सभी वार्डो में बिना कोई भेदभाव के समान अनुपात में अधोसंरचना मद से कार्य कराए जांएगे। लेकिन वार्ड के अलावा नगर के हित में बहुत सारे ऐसे कार्य है जिन्हे कराया जाना सभी के लिए आवश्यक है। नगर अध्यक्ष ने यह कार्य ऐसे है जो सभी नागरिकों के लिए एवं जन सुविधाओं के मद्देनजर बेहद आवश्यक है। पार्षदों ने उसके बाद नगर अध्यक्ष के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी ।



#### सीएमओ पर निकाली भडास

नगर पंचायत की सामान्य सभा में भाजपा एवं कांग्रेस के पार्षद सीएमओ की कार्यशैली से खिन्न नजर आए। उन्होंने सीएमओ की कार्यशैली को लेकर असंतोष जाहिर किया। वार्ड 4 के पार्षद दिलीप कुंभकार, सीएमओ के कामकाज पर असंतोश जाहिर करते हुए बैठक के दौरान अपनी आसंदी छोड कर जमीन में बैठ कर सामान्य सभा की कार्यवाही में भाग लिया। जबकि अन्य पार्षदों ने सीएमओ को अपनी कार्यषैली में बदलाव लाने पर जोर दिया।

#### भवन का कायाकल्प होगा

अधोसंरचना मद से नगर पंचायत कार्यालय एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय भवन का कायाकल्प किया जाएगा। नगर पंचायत कार्यालय में कामकाज की दृष्टि से भवन काफी छोटा पड रहा है। अतिरिक्त कक्षों की आवश्यकता को देखते हुए यहां पर प्रथम तल का निर्माण किया जाएगा। साथ ही पंडित दीनदयाल भवन की षेड वाली छत उड़ गई है। इसलिए यहां पर नया शेड निर्माण कर भवन को ठीक कराया जाएगा। इसके अलावा यात्री प्रतीक्षालय, मनोरंजन भवन, शॉपिंग कांप्लेक्स, टाउन हाल, मुक्तिधाम, मटन मार्केट, एसएलआरएम सेंटर एवं नया बस स्टैंड के लिए सड़क सहित पेयजल विस्तार से जुड़े कार्य कराए जाएंगे।

#### कोई भेदभाव नहीं होगाः अनिल

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा की अधोसंरचना मद से नगर विकास के लिए आई राशि के वितरण में कोई भेदभाव नहीं होगा। नगर विकास के लिए यह बेहद आवश्यक है की सभी 15 वर्षों में समान अनुरूप से बेहद जरूरी कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराई जाए। नगर पंचायत अध्यक्ष ने सामान्य सभा में पार्षदों को भरोसा दिलाया की वे चेहरा देखकर काम करने में नहीं बल्कि सभी को साथ लेकर काम करने में विश्वास करते है।

#### निर्माण से ज्यादा जरूरी पानी पिलाना

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने सामान्य सभा में पार्षदों को अवगत कराया की आने वाले दो वर्ष नगर में पेयजल आपूर्ति को लेकर कई समस्या आएगी। आज भी मेरे गांव, कब्रस्तान मोहल्ला सहित अन्य कई वार्डों मे पेयजल आपूर्ति टैंकरों के माध्यम से हो रही है।

## लापरवाही करने वाले वेंडर्स पर होगी सीधी कार्रवाई

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित के अधिकारियों एवं बैंकर्स की बैठक ली।

कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शासन की महती योजना है। उन्होंने कहा कि जनसामान्य को प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लाभ के संबंध में जानकारी दें। उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना अंतर्गत पंजीयन कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की इस महती योजना के क्रियान्वयन के लिए सभी अधिकारी प्रतिबद्धता एवं सक्रियतापूर्वक कार्य करें। इसकी साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी।

#### कार्यों की समीक्षा

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने सभी सहायक अभियंता सीएसईबी को कार्य में गति लाने के निर्देश दिए तथा ऐसे वेंडर जो कार्य में लापरवाही करें, उन पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सहायक अभियंता सीएसईबी के कार्यों की गहन समीक्षा की।

## जान से मारने की धमकी, गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** मोहल्ले में मां लक्ष्मी मूर्ति विसर्जन के दौरान गाली-गलौज व मारपीट कर चाकू दिखाकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 24 अक्टूबर को मां लक्ष्मी विसर्जन के दौरान शंकरपुर में आरोपी सूरज पाठक उर्फ बऊवा द्वारा मोहल्ले के लोगों को पुरानी रंजिश को लेकर अश्लील गाली-गलौज कर हाथ-मुक्का से मारपीट कर अपने पास रखे चाकू को लहराकर जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट पर धारा 296, 351(2), 115(2) बीएनएस, 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

#### चाकू जब्त

चिखली पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते आरोपी सूरज पाठक उर्फ बऊवा 20 साल शंकरपुर वार्ड को अभिरक्षा में लेकर आरोपी के कब्जे से चाकू जब्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई कर न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

#### वाद-विवाद पर कार्रवाई

आरोपी सूरज पाठक के पिता अनावेदक शंभू पाठक 52 साल साकिन शंकरपुर द्वारा शंकरपुर में मोहल्लेवासियों से वाद-विवाद कर मारपीट पर उतारू होने व संज्ञेय अपराध घटित होने के अंदेशा पर गिरफ्तार कर पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया।

## कौन होगा जिला कांग्रेस का नया अध्यक्ष, दर्जनभर दावेदार सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला कांग्रेस कमेटी में नए अध्यक्ष को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। अध्यक्ष पद के लिए दर्जनभर दावेदारों के नाम सामने आ रहे हैं जिसमें कोमल साहू, हेमंत वैष्णव, मिहिर झा, भीगेश यादव, सुनील पांडे सहित कुछ अन्य प्रमुख हैं।

गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक चरण सिंह सपरा जिले के दौरे पर आए थे। उन्होंने सभी दावेदारों से व्यक्तिगत रूप से चर्चा कर उनकी नब्ज टटोली थी। अब कार्यकर्ताओं की निगाहें हाईकमान पर टिकी हैं, क्योंकि घोषणा किसी भी समय हो सकती है।

#### शिकायत की खबर

सूत्रों से पता चला है कि कुछ दिनों पहले तीन नेताओं की निष्कासन की जानकारी समाचार पत्रों के माध्यम से मिली थी।उनमें से किसी के नाम पर विचार नहीं किए जाने हेतु जिला कांग्रेस कमेटी ने निवेदन किया है। कुल मिलाकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किसे बनाया जाएगा यह आने वाला समय ही तय करेगा। नियुक्ति उपरांत जिला कांग्रेस कमेटी में घमासान की संभावना प्रबल है। जिला कांग्रेस का अध्यक्ष छुईखदान अथवा गंडई ब्लॉक से हो सकता है?

#### सवाल अभी बाकी

आमजनों से लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा शुरू हो गया है कि आखिर कौन संभालेगा जिला कांग्रेस की कमान? क्या युवा चेहरा को मिलेगा मौका या अनुभवी नेता को महत्व मिलेगा। अध्यक्ष को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्सुकता बढ़ गई है। हर गुट अपने दावेदार के समर्थन में सक्रिय है।

## अवैध शराब बिक्री व पिलाने के मामले में कार्रवाई

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने एवं ढाबा में शराब सेवन कराने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार सुकुलदैहान पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 23 अक्टूबर को संगवारी ढाबा में अवैध शराब बिक्री एवं ढाबा में लोगों को बिठाकर मदिरापान कराने की मुखबीर की सूचना पर सायबर सेल एवं पुलिस चौकी सुकुलदैहान की सयुंक्त टीम गठित कर ग्राम सुकुलदैहान स्थित संगवारी ढाबा में रेड कार्रवाई कर आरोपी मनोहर देवांगन के कब्जे से एक कत्था रंग के प्लास्टिक बोरी में रखे 18 पाव गोल्डन गोवा अंग्रेजी शराब, 37 पाव देशी प्लेन शोले शराब कुल कीमती 5120 रुपए एवं बिक्री रकम 560 रुपए को जब्त किया कर विधिवत गिरफ्तारी किया गया।

#### एक अन्य की तलाश

पुलिस के अनुसार मामला अजमानतीय होने से आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। आरोपी मनोहर देवांगन के मेमोरंडम कथन के आधार पर ढाबा संचालक अमित यादव के विरुद्ध भी आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण का दूसरा आरोपी ढाबा संचालक अमित यादव फरार है। जिसकी पतासाजी किया जा रहा है।

## धान खरीदी चालू होने से पहले आंदोलन की चेतावनी, संघ ने किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

वेतनमान, सुविधाओं में सुधार सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर जिला सहकारी समिति संघ ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

शासन के ध्यानाकर्षण के मद्देनजर धरना प्रदर्शन बाद समिति सदस्यों ने रैली निकाली, कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों और चरणबद्ध आंदोलन की जानकारी दी जिसमें 28 अक्टूबर को राजधानी मे प्रदेश स्तरीय सभा बाद रैली निकालकर मंत्रियों को ज्ञापन सौंपने, 3 से 11 नवंबर तक संभाग स्तरीय धरना प्रदर्शन बाद मांगों को लेकर सकारात्मक कदम नहीं उठाए जाने की दशा मे 12 नवंबर से राजधानी में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

संघ जिलाध्यक्ष यशवंत वर्मा, रूपनारायण हिरवानी, आरिफ खान, जितेंद्र कौशिक, चंद्रप्रकाश सिंहा सहित अन्य ने बताया कि वेतनमान, सुविधाओं मे सुधार साथ कार्य स्थितियों को बेहतर करने की से वो अपने कर्तव्यों को बेहतर तरीके से निष्पादन कर सकते है। मप्र सरकार की तरह प्रदेश के सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को वेतनमान सहित अन्य सुविधा, हर साल तीन लाख रुपये का प्रबंधकीय अनुदान, सेनि कर्मचारियों के लिए संशोधित वेतनमान लागू करने, समर्थन मूल्य मे धान खरीदी बाद सूरत को मान्य करना और अन्य लाभो का समावेश करना सहित खाद, बीज, फसल बीमा सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन मे कमीशन वृद्धि और राशन वितरण पर प्रति क्विंटल आधा किलो क्षतिपूर्ति देने का प्रस्ताव मांग मे किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता तो आंदोलन तेज होने के साथ साथ व्यापक होगा।

## प्रतिभागी मुम्बई रवाना



**राजनांदगांव।** मुम्बई महाराष्ट्र में आयोजित 17वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के लिए मोहला-मानपुर-अं. चौकी जिले के प्रतिभागी शुक्रवार को मुम्बई के लिए रवाना हुए। मुंबई में अलग-अलग प्रदेश से आए आदिवासी युवक-युवतियां अपने-अपने प्रदेश की भाषा, वेशभूषा और लोक संस्कृति का आदान-प्रदान करेंगे।

आदिवासी युवक-युवतियों को रवाना करने से पूर्व मेरा युवा भारत राजनांदगांव के जिला युवा अधिकारी शुभजीत डे ने कहा कि यह कार्यक्रम गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहा है। उन्होंने युवक-युवतियों को मुंबई भ्रमण यात्रा की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में माय भारत के एपीए तपन कुमार साहू, सुशील शर्मा, तृप्ति कुरै, ओमप्रकाश, गोविन्द साहू, लोकेश यादव उपस्थित थे।

## 27 सौ किलो सब्जी और मेवों से तैयार रंगोली को मिला गोल्डन बुक में स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मनोहर गौशाला में 27 सौ किलो से ऊपर की साग सब्जी और सूखे मेवों से कामधेनु रंगोली तैयार कर दीपोत्सव को चमन डाकलिया ने गौ सेवा दिवस के रूप में मनाया। गौशाला मे 27 सौ किलो से ऊपर साग सब्जी और सूखे मेवों से रंगोली मे कामधेनु को बछड़े के साथ उकेरा गया। पूजा पाठ के बाद रंगोली मे उपयोग सब्जियों और मेवो का गौशाला के अन्य गायों को दावत दिया गया।

जन्मदिन के दिन दिया सेवा का संदेश मनोहर गौशाला के ट्रस्टी पदम डाकलिया ने बताया कि गौ माता मे 33 करोड़ देवी देवताओ का वास होता है। जल, वायु और पर्यावरण की गौ माता रक्षक है, प्रदूषण कम करने के साथ मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने, शुद्ध प्राणवायु प्रदान करने का महत्वपूर्ण काम करती है। उनहोने कहा कि गौ माता केवल आस्था नही परीक्षणो से स्पष्ट हो गया है कि गौमाता के बिना प्रकृति का चक्र अधूरा है। चमन डाकलिया जैसे गौ सेवक समाज के प्रेरणा है जिन्होने पार्टी, मनोरंजन, सैर सपाटा को छोडक़र अपना जनमदिन गौ सेवा दिवस के रूप मे मनाया है। ऐसे आयोजन संस्कृति, विज्ञान और पर्यावरण के बीच सेतु का काम करते है। इससे समाज मे गौमाता के लिए श्रद्धा, सेवा, उत्साह और पर्यावरण प्रेम का बेहतर संदेश जाता है।

#### कड़ी मेहनत से हुई तैयार

उक्त रंगोली को गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स मे भी दर्ज किया गया। चमन डाकलिया ने कहा कि गौ सेवा, पर्यावरण संरक्षण और भारतीय संस्कृति मे गौमाता के महत्वपूर्ण स्थान को देखते हुए मन मे विचार आया कि जन्मदिन को स्मरणीय बनाने के साथ समाज को संदेश देने इस प्रकार का आयोजन किया जाए। उन्होने बताया कि 25 कलाकारो ने लगातार 14 घंटे तक कड़ी मेहनत कर साग सब्जियों और सूखे मेवों की मदद से कामधेनु और बछड़े की आकर्षक रंगोली तैयार की थी।

## महाकाली प्रतिमा विसर्जन में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के शंकरपुर में भाई दूज के अवसर पर 48 घंटे के लिए स्थापित की गई मां काली की प्रतिमा का आज विधि-विधान से विसर्जन किया गया। इस दौरान शिव शक्ति महाकाली पूजा समिति द्वारा विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई।

शंकरपुर वार्ड के लोगों द्वारा दीपावली के बाद भाई दूज के अवसर पर नगर कल्याण के उद्देश्य से स्थापित की जाने वाली मां काली की प्रतिमा का विधि-विधान से पूजा-अर्चना किया गया और इसके बाद आज वार्ड में धूमधाम से शोभायात्रा निकालकर माता की प्रतिमा विसर्जित की गई।



#### विसर्जन यात्रा में रही भीड़

शंकरपुर में 17 वर्षों से स्थापित की जा रही मां महाकाली की प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर बड़ी संख्या में वार्ड के लोग शामिल हुए। इस दौरान श्रद्धालु माता की सेवा भजनों में झूमते रहे। विसर्जन यात्रा शंकरपुर क्षेत्र के विभिन्न गलियों से होते हुई निकली।

#### श्रद्धालुओं ने खींचा वाहन

महाकाली की प्रतिमा विसर्जन के लिए माता का रथ खींचने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वार्ड के लोगों ने अपने हाथों से विसर्जन रथ को खींचा और माता के जयकारे के साथ ही उनकी पूजा-अर्चना करते हुए परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की।

#### पश्चिम बंगाल की तर्ज पर स्थापना

समिति के लोगों ने बताया कि कोलकाता की तर्ज पर यहां भी महाकाली की प्रतिमा दो दिनों के लिए स्थापित की जाती है। महाकाली के साथ ही पूजा पंडाल में बाबा भैरवनाथ और मां काली की एक अन्य प्रतिमा ज्योति कक्ष में स्थापित होती है।

#### ज्योति कलश का हुआ विसर्जन

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाकाली पूजा पंडाल में ज्योति कलश स्थापित की गई। इन ज्योति कलश का विसर्जन भी आज महाकाली की प्रतिमा के साथ किया गया। ज्योति कलश रथ को भी श्रद्धालुओं ने अपने हाथों से खींचा। इस रथ में बाबा भैरवनाथ की प्रतिमा भी रखी गई थी।

## बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट को लेकर आदिवासी महापंचायत में फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज की अगुवाई में राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में आदिवासी समाज का प्रदेश स्तरीय महापंचायत संपन्न हुआ। जिसमें बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट को लेकर महत्वपूर्ण फैसला किया गया।

महापंचायत में कहा गया कि डोंगरगढ़ में स्थापित मां बम्लाई दाई प्राचीन समय से गोंड़ आदिवासियों की प्रमुख धार्मिक आस्था स्थलीय है, जहां पहले गोंड़ आदिवासी, बैगा आदिवासी परंपरा से सेवा अर्जी करते रहे हैं। ट्रस्ट बनने के बाद से ट्रस्ट व्यवस्था के साथ पूजा-पाठ से भी आदिवासियों को बेदखल कर दिया है और पारंपरिक रीति से पूजा करने में व्यवधान के साथ आपत्ति करता है।

#### ट्रस्ट भंग करने की मांग

महापंचायत में कहा गया कि शासन त्वरित संज्ञान लेते आदिवासियों के पारंपरिक आस्था और धार्मिक स्थल में बने ट्रस्ट को भंग करने हेतु कार्रवाई करे। नवरात्र के समय आदिवासी द्वारा पंचमी में अपने देव व्यवस्था के साथ माता के दर्शन करने से रोका गया एवं बाद में सार्वजनिक रूप से पूरे आदिवासी समाज को धर्मविरोधी बताकर धार्मिक उन्माद फैलाने का प्रयास और आदिवासी समाज के रीति-रिवाजों की अवहेलना कर सार्वजनिक रूप से अपमानित किया गया। इसकी जांच कर दोषियों पर एट्रोसिटी के तहत कार्रवाई किया जाए।

#### समाज को सौंपने की मांग

महापंचायत बैठक में कहा गया कि छत्तीसगढ़ सहित देश में विस्थापन और अंधाधुन विकास में आदिवासी समाज का पारंपरिक और सांस्कृतिक विरासत खत्म हो रहा है। माता बम्लाई दाई स्थल को आदिवासियों की धार्मिक स्थल के रूप आदिवासियों को सौंपा जाए। जिसमें सभी समाज और धार्मिक लोग जो माता में आस्था रखते हैं, माता का आशीर्वाद पूर्व की तरह प्राप्त कर सके।

#### 15 नवंबर को जनजागृति अभियान

अपने सांस्कृतिक और परंपरागत पहचान को स्थापित करने और संवैधानिक अधिकारों को लेकर 15 नवंबर 2025 को राजनांदगांव सहित पूरे प्रदेश में जिला से गांव तक जनजागृति अभियान चलाकर सड़कों में उतरेंगे। प्रांत स्तरीय आदिवासी महापंचायत में प्रमुख रूप से सर्व आदिवासी समाज के प्रांतीय, जिला व ब्लॉक पदाधिकारियों के अलावा राष्ट्रीय गोंड़वाना गोंड़ महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, प्रांतीय अध्यक्ष, छग प्रदेश गोंडवाना गोंड महासभा, केंद्रीय गोंडवाना धमधागढ़ महासभा, चांदागढ़ महाराष्ट्र, जिला कवर समाज महासभा, जिला उराव समाज, जिला कंडरा समाज, जिला पारधी समाज, अंतर्राज्यीय संभाग स्तरीय गोंड़ समाज मोहला के अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष, अन्य पदाधिकारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**राजनांदगांव।** छुरिया क्षेत्र के ग्राम जयसिंगटोला में दीपावली अवसर पर आयोजित "सोहना बादर" सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता छुरिया जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने की। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति बिरम मंडावी, पूर्व जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव तथा छुरिया जनपद सभापति हेमिन विष्णु साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती वैष्णव ने कहा कि दीपावली अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और निराशा पर आशा की विजय का पर्व है। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज की एकता और परंपरा के संरक्षण का माध्यम हैं। अध्यक्षता करते संजय सिन्हा ने कहा कि दीपावली जैसे पर्व पर गांव में सांस्कृतिक आयोजन सामाजिक समरसता और सामूहिक आनंद का प्रतीक है। जिला पंचायत सभापति बिरम मंडावी, जनपद पंचायत सभापति हेमिन विष्णु साहू ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान सोहना बादर के कलाकारों द्वारा पारंपरिक लोकगीत, नृत्य और नाट्य मंचन कर समा बांध दिया। अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विष्णु साहू ने किया।


## साहिल हत्या के मामले में नाबालिग सहित दस आरोपी सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के ग्राम छछानपहारी मे आयोजित रिकॉर्डिंग डांस कार्यक्रम के बीच गांव के बाहर हुए मारपीट और उसके बाद मौत के मामले में हत्या का जुर्म कायम कर अंबागढ़ चौकी पुलिस ने छछानपहारी, ब्राह्मणलझिया तथा डोंगरगांव थाना क्षेत्र के चिखलाकसा निवासी युवकों के खिलाफ हत्या का प्रकरण तय किया गया है। इस मामले में एक नाबालिक सहित 10 युवकों को न्यायिक अभिरक्षा में सलाखों के पीछे भेजा गया है।

#### गैंग बनाकर दिया था घटना को अंजाम

ब्राह्मणलंझिया के युवा से हुई मारपीट की घटना के बाद प्रतिशोध में ब्राह्मणलंझिया के युवकों ने गैंग बनाकर साहिल साहू को गांव से बाहर बुलाया, डंडे से लैस युवाओं ने उसके साथ बेदम पिटाई कर दी। इसके बाद संजीवनी राजनांदगांव अस्पताल में इलाज के दौरान साहिल साहू की मौत हो गई। इधर हाथों में कलम-किताब की जगह अब इन नवयुवको को हत्या के संगीत मामले में हथकड़ी लग गई।



#### इन्हें लिया गया हिरासत में

सुनील साहू पिता रामाधार साहू 25 साल, तुलेश्वर निषाद पिता बीरसिंग निषाद 19 साल, डिगेश्वर निषाद पिता रघुनंदन निषाद 21 साल, खिलेश्वर साहू पिता श्यामलाल साहू 24 साल, मोहन निषाद पिता सुरेश निषाद 20 साल सभी ब्राम्हणलझिया थाना अंबागढ़ चौकी निवासी, रोशन कुमार बंजारे पिता राजकुमार 24 साल, होमलाल चंद्रवंशी पिता हिरूराम 23 साल, प्रशांत कुमार पिता स्व. भगतराम 26 साल ग्राम भनसुला थाना अंबागढ़ चौकी, क्षितिज सलामे पिता कमलेश सलामे 22 साल निवासी ग्राम चिखलाकसा थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव एवं एक विधि से संघर्षरत बालक मामले के आरोपों में हिरासत में लिए गए हैं।

**प्रेम प्रसंग के मामले में चली गई जान :** घटना को लेकर बताया गया कि छछानपहरी एवं ब्राम्हणलंझिया के लड़कों के बीच दो युवाओं के प्रेम-प्रसंग के मामले को लेकर विवाद चला आ रहा था। गोवर्धन पूजा की रात ब्राम्हणलंझिया से छछानपहारी रिकॉर्डिंग डांस देखने पहुंचे युवक से मारपीट की घटना हुई। इसके बाद मामला गैंगवार में तब्दील हो गया।


जापान एवं भारत की नं. 1 चैन कुबोटा हार्वेस्टर गीली एवं पानी युक्त भूमि के लिए
कुबोटा
एक बार खरीदे, लेकिन ब्रांडेड खरीदें
ये सिर्फ हार्वेस्टर नहीं, ये है प्रीमियम हार्वेस्टर
आज ही बुकिंग कराएं और तत्काल अपना व्यापार शुरू करें
प्रतिदिन कमाए 60,000/- से 70,000/- रुपए
जापानी तकनीक
e-CDIS ईंधन की कम खपत के लिए :- ईको सेंट्रल डायरेक्ट इंजेक्शन तकनीक
4 वाल्व तकनीक बेहतर ज्वलन और अधिक पावर के लिए
बैलेंसर शाफ्ट कम कंपन और कम शोर
सिंक्रोमेश गियर 12 फॉरवर्ड 4 रिवर्स
एक बार खरीदो रिप्लेसमेंट शब्द भूल जाओ
GST छूट का लाभ उठाएं
वर्ल्ड क्लास टेक्नोलॉजी
प्रीमियम ट्रैक्टर कुबोटा
जीरो वायब्रेशन ट्रैक्टर
फोर वॉल टेक्नोलॉजी
बेवल गियर टेक्नोलॉजी
5 ईयर सुपर वारंटी
सबसे कम डीजल खपत
किसी भी कंपनी का ट्रैक्टर लेने से पहले एक बार चलाकर देखें और फर्क जाने..
*नियम एवं शर्तें लागू
GST बचत 20,000 से 1,70,000 तक*
RICE PLANTER
बुकिंग करने डायरेक्ट शोरुम आने पर विशेष छूट
अब एक ही छत के नीचे समस्त कृषि उपकरण
बघेल ट्रैक्टर्स
एन.एच.06. नागपुर हाईवे रोड बनभेड़ी, राजनांदगांव (छ.ग.)
संपर्क करें : 8643000281, 9753893377, सर्विस एवं स्पेयर : 7067137966

### खेती-किसानी : हरहुना किस्म व हाइब्रिड धान की कटाई जोरों पर

# शहर व क्षेत्रों में हाइब्रिड धान की कटाई में जुटे ग्रामीण किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

ग्रामीण अंचलों में इन समय हरहुना किस्म के धान की कटाई शुरू हो चुका है, लेकिन सोसायटियों में धान खरीदी को लेकर किसी प्रकार की तैयारी नहीं दिख रही है। किसान हरहुना किस्म की धान की कटाई में जुट गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार खेत गीले होने से आधुनिक मशीन हार्वेस्टर नहीं चल पाने के कारण ग्रामीण किसान, मजदूर एवं सह परिवार मिलकर धान फसल की कटाई कर रही है। जिस पर ग्राम नाऊडीह के ग्रामीण किसान बद्री प्रसाद वर्मा, नारायण वर्मा व अजय वर्मा ने बताया कि दशहरा, धनतेरस और दीपावली के बाद हाइब्रिड धान की शुभ मुहूर्त पर कटाई शुरू हो गई वैसे खेतों में हाइब्रिड धान पककर तैयार हो गई है, जिसे दीपावली के बाद कटाई ग्रामीण गरीब-मजदूर द्वारा कराया जा रहा है।

बताया जाता है कि जैसे-जैसे धान की बालियां परिपक्व होकर तैयार हो रहे हैं वैसे-वैसे धान फसल की कटाई का सिलसिला जोर शोर से की जा रही है। ग्रामीण किसानों ने बताया कि इस वर्ष कम बारिश और खंड वर्षा को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों द्वारा हाइब्रिड धान की पैदावार बड़े पैमाने पर किया गया है, ताकि जल्द पकने वाले धान फसल तैयार हो सके। इसी कारण से धान की फसल खेतों में परिपक्व होकर तैयार हो चुके हैं, जिसकी कटाई ग्रामीण गरीब-मजदूर द्वारा किया जा रहा है। वहीं ग्राम नाऊडीह, दौजरी, जेवडन, सारंगपुर खुर्द, डबराभाट, सिंघनपुरी, बीजाझोरी, घुकसा, जमुनिया, नेवारी, जोराताल व आसपास क्षेत्र में धान फसल की कटाई व थ्रेसर मशीन से मिजाई कार्य जोरों से किया जा रहा है।





#### क्षेत्र में हाइब्रिड धान फसल की अच्छी पैदावार

जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम नाऊडीह निवासी किसान बद्री वर्मा ने बताया कि दो एकड़ खेतों की बरसात के समय पर हाइब्रिड धान फसल की रोपाई कार्य किया गया था, अब वर्तमान में हाइब्रिड धान परिपक्व हो चुके है, वहीं ग्रामीण गरीब मजदूर परिवार द्वारा धान फसल की कटाई कर थ्रेसर मशीन द्वारा मिजाई का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक एकड़ खेतों में 30 क्विंटल धान की पैदावार हुआ है, उन्होने बताया कि शुरुआती दौड़ से लेकर परिपक्व तक बीज, खाद, सिंचाई व खरपतवार की निदाई, मिट्टी की गुणवत्ता, बिजली-पानी पर प्रमुख होता है, जो समय-समय पर ध्यान देना पड़ता है तब कहीं अच्छे फसल की पैदावार होता है। सारंगपुर खुर्द निवासी किसान सुनील सिंह ठाकुर ने बताया कि दो एकड़ खेतों में हाइब्रिड धान की फसल पैदावार किया गया है, उन्होंने बताया कि दीपावली के बाद धान की कटाई शुरू कर दी गई है, क्योंकि खेतों में हाइब्रिड धान फसल पूरी तरह परिपक्व होकर तैयार हो गई है, धान फसल की कटाई मजदूरों द्वारा कराया जा रहा है तथा किसानों द्वारा मजदूरों को 200 रोजी देकर कटाई का कार्य करवा रहे हैं, जिससे मजदूरों को ग्राम मे ही रोजगार मिल रहा है।

# बोड़ला में निःशुल्क सोनोग्राफी एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला में गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क सोनोग्राफी जांच शिविर का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य दूरस्थ एवं वन क्षेत्र में रहने वाली महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा मातृत्व एवं शिशु संरक्षण को सुदृढ़ बनाना था। शिविर में कुल 62 गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी जांच की गई, जिससे उन्हें समय रहते आवश्यक चिकित्सा परामर्श एवं देखभाल प्रदान की जा सके। इसके अतिरिक्त शिविर में उपस्थित ग्रामीणजन एवं अन्य लाभार्थियों के लिए सामान्य स्वास्थ्य जांच भी की गई। कुल लोगों की ओपीडी जांच 135 जांच किया गया, सभी लाभार्थियों को चिकित्सकों द्वारा उचित दवा एवं परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार, एनीमिया रोकथाम, प्रसव पूर्व सावधानियां एवं संस्थागत प्रसव के महत्व की जानकारी भी दी गई। मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ देवेंद्र तूरे ने कहा कि सोनोग्राफी कैम्प और स्वास्थ्य कैंप निरंतर जारी रहेगा और अधिक से अधिक गर्भवती महिलाओं का जांच हो सके और बीएमओ डॉ पुरूषोतम राजपूत ने ऐसे शिविर से वनांचल क्षेत्र के गर्भवती महिलाओं का जांच से पहले से पता चले जाता है, हाय-रिस्क गर्भवती महिलाओं का पहले से पता चल जाता है। निःशुल्क सोनोग्राफी जांच से वनांचल के चिल्फी, तरेगांव, रेंगाखार जंगल, झलमला के गर्भवती महिलाओं का निःशुल्क सोनोग्राफी जांच से लाभान्वित हुए।

#### स्वास्थ्य शिविर भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि वनांचल एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उनके ही गांव में उपलब्ध हों। ऐसे स्वास्थ्य शिविर भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे। ग्रामीणों एवं लाभार्थियों ने इस पहल के लिए प्रदेश सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। निम्न सेक्टर के गांव के लोग लाभान्वित हुए। बोड़ला सेक्टर के मंडलटोला, खरिया, बैरक, बोड़ला व पोंड़ी सेक्टर से राम्हेपुर, सारंगपुर कला, कुसुमघटा तथा बैजलपुर सेक्टर में खंडसरा, भलपहरी, मढ़ाडाबरी, मडमड़ा, बैजलपुर के गर्भवती महिलाओं का निःशुल्क सोनोग्राफी जांच किया गया।

### क्षेत्र में मां लक्ष्मी विसर्जन बड़ी धूमधाम से किया गया



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव, बसनी, धनेली, भगतपुर, मोहतरा कला, कंझेटा, पीपरमाटी, निगापुर, पंवरजली, दामापुर, सहित आसपास के ग्रामीणों क्षेत्र में जगह-जगह पर महालक्ष्मी की प्रतिमाएं विराजमान किया गया। वहीं शुक्रवार-शनिवार को सुबह से देर शाम तक मां लक्ष्मी का विसर्जन बड़ी धूमधाम से विधि विधान से पूजा अर्चना व क्षमा याचना करते हुए गांव के सुख, शांति व समृद्धि तथा खुशहाली के लिए कामना करते हुए बैंड बाजा एवं डीजे के धून में नाचते गाते व झूमते हुए नगर भ्रमण कर मां लक्ष्मी का विसर्जन किया गया।

### खबर संक्षेप

#### कांग्रेस कार्यकर्ताओं में सेक्टर, मंडल व ब्लॉक जिलाध्यक्ष का इंतजार

**हरिभूमि कोलेगांव।** जिला कांग्रेस का अध्यक्ष से लेकर सेक्टर, मंडल व ब्लॉक अध्यक्ष का इंतजार है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कांग्रेस कार्यकर्ताओं में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का इंतजार है, जो इस समय सुर्खियों में व इस बार युवाओं को मौका मिलता है या नहीं लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतर युवाओं की मांग जोर-शोर से है, क्योंकि युवाओं को मौका मिलता चाहिए। जिससे पार्टी को मजबूत तथा आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। कार्यकर्ताओं का कहना है कि अभी जो आवेदन दिए हैं वह एक- दूसरे बड़े नेताओं के संपर्क में लगे हुए हैं एवं एड़ी चोटी लगाया जा रहा है अब देखने वाली बात है कि अध्यक्ष पद पर कौन नियुक्त होता है।

**//आम सूचना//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मैं अपने पक्षकार (1) सूर्यादास मानिकपुरी पिता सुखनंदन दास उम्र 14 वर्ष (2) आर्यादास मानिकपुरी पिता सुखनंदन दास उम्र 11 वर्ष (3) कु. तान्या मानिकपुरी पुत्री सुखनंदन दास उम्र 02 वर्ष सभी नाबालिक वली मां घृतेश्वरी मानिकपुरी पति सुखनंदन दास जाति पनिका निवासी ग्राम कुण्डा, तहसील कुण्डा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.) की ओर से अधिकृत होकर आम जनगण को सूचित करता हूं। कि ग्राम कुण्डा, रा.नि.मं. कुण्डा, तहसील कुण्डा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.) में मेरे पक्षकारगण की खानदानी एवं सहदायिकी कृषि भूमि ख. नं. 368/1, 1168/3, 1168/4, 1167/2 रकबा 0.3770 हे., 0.0210 हे., 0.0400 हे. एवं 0.0360 हे. कुल खसरा नंबर 04 कुल रकबा 0.4740 हे. एवं ग्राम माकरी में खसरा नंबर 411/1 रकबा 1.2870 हे. कृषि भूमि स्थित है जो वर्तमान राजस्व अभिलेख में सुखनंदन पिता मंगलदास जाति पनिका निवासी ग्राम कुण्डा, तहसील कुण्डा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.) के नाम पर दर्ज है जो मेरे पक्षकारगण के पिता है। उक्त भूमि के संबंध में मेरे पक्षकारगण को उनके विधिक अधिकारों को वंचित करने के उद्देश्य से सुखनंदन दास उक्त भूमियों को विक्रय करने का प्रयास कर रहा है। जिस कारण आम जन को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि को क्रय करने का सौंदा न करें, यदि किसी के द्वारा उक्त भूमियों या उसके अंशभाग को क्रय करता है तथा रजिस्ट्री पंजीयन करा लेता है तो उन्हें किसी प्रकार का स्वत्व प्राप्त नहीं होगा, तथा मेरे पक्षकारगण को विवश होकर उनके विरूद्ध व्यवहार वाद पेश करना पड़ेगा जिसके सभी प्रकार के खर्चे एवं हर्जे के जिम्मेदार स्वयं क्रय करने वाला होगा, सो सूचना जाने।

दिनांकः-25/10/25

भवदीय
संतोष कुमार गुप्ता
अधिवक्ता
पाढ़ी रोड पंडरिया, जिला-कबीरधाम (छग)

मुहर

# डॉ ज्योति राजपूत ने समाजकार्य विषय में पीएचडी उपाधि प्राप्त की



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भारती विश्वविद्यालय जिला दुर्ग की शोधार्थी ज्योति राजपूत ने समाजकार्य विषय में भारती विश्वविद्यालय दुर्ग के समाजकार्य विभाग के व्याख्याता डॉ निशा गोस्वामी के निर्देशन में कुपोषण के रोकथाम में पोषण पुनर्वास केंद्र की भूमिका के विशेष संदर्भ में विषय पर अपना शोधकार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। शोधकार्य के लिए भारती विश्वविद्यालय दुर्ग ने ज्योति राजपूत को पीएचडी की उपाधि प्रदान की। यह उपाधि उन्हें विश्वविद्यालय द्वारा वाइवा परीक्षा पूर्ण होने के उपरांत प्रदान की गई। उनके शोधकार्य का निर्देशन डॉ निशा गोस्वामी समाजकार्य विभाग, भारती विश्वविद्यालय जिला दुर्ग ने किया। पीएचडी सेल प्रमुख डॉ प्रतिभा कुरूप, कुलपति डॉ बीएन तिवारी इन सभी का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा। विश्वविद्यालय के अन्य सभी प्रध्यापकों का सहयोग मार्गदर्शन समय समय पर प्राप्त होते रहा है।

ज्योति राजपूत पिछले 12 वर्षो से स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हैं और उन्होंने अपने अनुभव के आधार पर समाज में कुपोषण की समस्या तथा पोषण पुनर्वास केंद्रों की भूमिका पर गहन अध्ययन प्रस्तुत किया है। उनके शोधकार्य से जिला स्तर पर कुपोषण उन्मूलन से संबंधित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में उपयोगी सुझाव प्राप्त हुए हैं। भारती विश्वविद्यालय परिवार एवं स्वास्थ्य विभाग के सहकर्मियों ने डॉ ज्योति राजपूत को इस उपलब्धि पर बधाई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

डॉ ज्योति राजपूत ने अपनी सफलता का श्रेय अपने आराध्य प्रभु भोलेनाथ, परिवार के सदस्यों को दिया है। उन्होंने कहा कि मेरे माता-पिता, जीवनसाथी दो प्यारी बेटियों और परिवार के सभी सदस्यों का सहयोग, प्रेरणा और विश्वास ही मेरी इस सफलता की असली शक्ति रहा है। माता विद्या देवी, पिता परमेश्वर सिंह ग्राम कोसमंदा बड़े भैया अनिल सिंह, छोटे भाई आशीष राजपूत व पति चंद्रेश सिंह राजपूत सभी का विशेष प्यार सहयोग प्राप्त हुआ है।

#### रुचि एवं भविष्य की दिशा योगदान

डॉ ज्योति राजपूत को समाज कार्य के क्षेत्र में विशेष रूप से बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य एवं परामर्श (काउंसलिंग) संबंधी विषयों में गहरी अभिरुचि है। वे समाज में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने, बच्चों के समग्र विकास हेतु सकारात्मक परामर्श सेवाएं प्रदान करने तथा अभिभावकों एवं समुदाय को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए कार्य करना चाहती हैं। उनका उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सशक्त बनाना एवं स्वस्थ, जागरूक तथा समरस समाज के निर्माण में योगदान देना है।

#### मतदाताओं की शंकाओं के समाधान, हेल्प डेस्क स्थापित

**हरिभूमि कवर्धा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार आगामी निर्वाचन नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 के मद्देनजर जिला कार्यालय कबीरधाम में हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। मतदाताओं की आवश्यक शंकाओं के समाधान एवं मार्गदर्शन के लिए नियुक्त मास्टर ट्रेनर्स की ड्यूटी 28 अक्टूबर से लगाई गई है। इस व्यवस्था की निगरानी अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र पैकरा द्वारा की जाएगी।

# भाजपा व एनडीए गठबंधन की नीतियों पर बिहार की जनता विश्वास का मुहर लगाने प्रतिबद्ध है

### सोनपुर विधानसभा प्रभारी विधायक भावना बोहरा ने किया जनसंपर्क



हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

पंडरिया विधानसभा विधायक श्रीमती भावना बोहरा को भाजपा द्वारा बिहार के सारण जिला अंतर्गत सोनपुर विधानसभा प्रभारी के रूप में बड़ी जिम्मेदारी दी गई है, जिसे निभाते हुए श्रीमती भावना बोहरा लगातार सोनपुर विधानसभा के सभी मंडलों, बूथ प्रभारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रणनीतियों पर चर्चा कर रहीं हैं।
वहीं विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण कर सोनपुर विधानसभा से भाजपा के एनडीए प्रत्याशी विनय कुमार सिंह व एनडीए गठबंधन के लिए समर्थन जुटा रहीं हैं। संगठन की बैठकों में शामिल होना, मंडल अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं के साथ सक्रियता के साथ बैठकें कर स्थानीय मुद्दों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकासशील नेतृत्व और एनडीए गठबंधन द्वारा बिहार के विकास, रोजगार के प्रयास, महिलाओं के सशक्तिकरण, किसानों को आर्थिक संबल, जनकल्याण की योजनाओं एवं अधोसंरचना निर्माण की जानकारी जनता तक पहंचाने हेतु निरंतर जनसंपर्क कर रहीं हैं। उन्होने कहा कि बिहार की जनता विधानसभा चुनाव को लेकर काफी उत्साहित है, वहीं कार्यकर्ताओं में भी अपार ऊर्जा और समर्पण भावना स्पष्ट रूप से दिख रही है। फिर एक बार, एनडीए सरकार का नारा और संकल्प के साथ जनसंपर्क के दौरान जनता का अपार समर्थन हमें प्राप्त हो रहा है। बिहार में एनडीए की सरकार आने के बाद से जंगलराज खत्म हुआ है और सुशासन स्थापित हुआ है। बिहार में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं, जिसने जनता के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। नालंदा की ज्ञान-गंगा से लेकर चंपारण की सत्याग्रह-धारा तक बिहार राज्य ने भारत को एक गौरवशाली इतिहास दिया है। आज यहां सड़कों का विस्तार, घर-घर में बिजली, पानी पहुंचाने का काम एनडीए सरकार ने किया। प्रधानमंत्री द्वारा बिहार के लिए विशेष पैकेज मिलने, युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिल रहें हैं, महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया जा रहा है, रेल सुविधाओं का विस्तार हुआ है, इंफ्रास्ट्रक्चर में क्रांति आई है, ऊर्जा और सिंचाई के लिए किसानों को पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित हुआ है तथा हवाई कनेक्टिविटी सुदृढ़ हुई है।

#### मोदी सरकार की बताई उपलब्धियां

विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि बिहार की जनता इन सभी परिवर्तन से भली भांति परिचित है, उन्होंने प्रधानमंत्री और एनडीए सरकार की घोषणाओं और योजनाओं को जमीनी हकीकत में पूरा होते देखा है। इन्हीं परिवर्तनकारी नीतियों से एक बार पुनः एनडीए गठबन्धन बिहार में ऐतिहासिक जीत जरुर दर्ज करेगी। बिहार की जनता विकास के साथ है और जनसंपर्क के दौरान जनता से संवाद में एनडीए गठबंधन के प्रति माहौल स्पष्ट दिख रहा है। जहां-जहां जनता से मुलाकात हुई उनसे चर्चा के दौरान बिहार में हुए अभूतपूर्व बदलाव खुद जनता अपनी जुबानी बता रही है, इससे स्पष्ट है कि बिहार एक बार फिर से एनडीए गठबंधन के साथ है, बिहार के विकास को एक नई दिशा व गति देने, अपने हितों की रक्षा के लिए, किसानों के सम्मान के लिए, युवाओं के रोजगार और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए, एक नए और विकसित बिहार के लिए, फिर एक बार एनडीए की सरकार बनाने के लिए जनता संकल्प कर चुकी है।

### जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गौरी गौरा महोत्सव



**हरिभूमि कोलेगांव।** संस्कृति, लोक परंपरा और सामाजिक एकता के प्रतीक गौरा-गौरी महोत्सव का आयोजन जिलेभर में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। दीपावली पर्व के अवसर पर छत्तीसगढ़ की लोक आस्था से जुड़ा यह पारंपरिक त्यौहार ग्रामवासियों के बीच उत्साह और आनंद का प्रतीक रहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रामगोपाल चंद्राकर एवं उनके पुत्र डॉ आर्या चंद्राकर ने गत दिनों 21 एवं 22 अक्टूबर को अपने क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों जिसमें लालपुर, सरईसेत, छिंदीपारा, खैरडोंगरी, सरईहा, झिरिया कला, नवागांव टिकैत, दलपी, नरसिंहपुर, भद्राली, दुल्लापुर, बिनझोरी, बाघरायटोला एवं निहालपुर में आयोजित गौरा-गौरी विवाह कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर गौरी-गौरा के दर्शन व आर्शीवाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ग्रामवासियों से आत्मीय भेंट-मुलाकात की तथा पारंपरिक छत्तीसगढ़ी वेशभूषा और सुआ गीतों के माध्यम से ग्रामीण ने उत्सव की हर्षोल्लासपूर्ण मनाया, यह आयोजन दीपावली के पावन पर्व के साथ मनाया जाने वाला छत्तीसगढ़ का ऐतिहासिक लोक पर्व है, जो धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामुदायिक एकता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक माना जाता है। श्री चंद्राकर ने इस अवसर पर समस्त क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना करते हुए दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज की शुभकामनाएं प्रेषित की।

### राशि के लिए चक्कर काटते कई लोगों की हो जाती है मौत

# कैश-लैस उपचार सिस्टम लागू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कर्मचारियों को उपचार के लिए कैश-लेश सुविधा नहीं दिया जा रहा है, जबकि कई राज्य शासन ने कैश-लेश व्यवस्था लागू कर दी है। शासन द्वारा कर्मचारी व उनके परिवार को उपचार के लिए चिकित्सा प्रतिपूर्ति राशि भुगतान उपचार के बाद किया जाता है। इससे पूर्व उन्हें स्वयं के व्यय से उपचार कराना होता है, प्रक्रिया जटिल व कई स्तर में होने के कारण इसका लाभ कर्मचारियों को नहीं मिल पाता है। लाभ विलम्ब से होता है या पूरा नहीं मिल पाता है। शालेय शिक्षक संघ व तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ पंडरिया के ब्लाक अध्यक्ष मोहन राजपूत ने शासन से कैश-लैस उपचार की सुविधा प्रदान करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कर्मचारियों को चिकित्सा प्रतिपूर्ति राशि उपचार के पश्चात दी जाती है। जिसका पूरा लाभ बीमार कर्मचारी को नहीं मिल पाता है। बीमार होने के समय उपचार के लिए पर्याप्त राशि नहीं होती है, जिसके चलते कर्मचारियों को बाहर से उधार लेकर उपचार कराना पड़ता है, अथवा उपचार के लिए पैसे नहीं होने के कारण कई कर्मचारियों की मृत्यु हो जाती है। शासन द्वारा आखिरकार कर्मचारियों को प्रतिपूर्ति राशि प्रदान की जाती है, यदि शासन द्वारा कर्मचारियों को अस्पताल में कैश-लैस सुविधा प्रदान कर दी जाएगी तो कर्मचारियों को समय रहते उपचार कराने की सुविधा मिल जाएगी। कर्मचारी को कैश-लेश उपचार की व्यवस्था होने पर उनका सही समय के उपचार हो सकेगा। शासन द्वारा वर्तमान में कर्मचारियों को दी जा रही प्रतिपूर्ति राशि की प्रक्रिया जटिल है। पैसे मिलते तक वर्षो बित जाते हैं। वहीं राशि का इंतजार करते कई कर्मचारी दुनिया छोड़ देते हैं, बीमार कर्मचारी को संबंधित हॉस्पिटल से निर्धारित प्रपत्र में जानकारी व बिल जमा करना होता है, जो जिला चिकित्सालय या संचनालय भेजा जाता है। जिसके पश्चात सीएमएचओ व अन्य अधिकारियों से जांच कर पुनः स्थानीय कार्यालय को भेजा जाता है, जहां से शासन को मांग पत्र भेजा जाता है। जिसके लिए आबंटन मिलने पर पुनः स्थानीय कार्यालय व विभाग से कोषालय भेजा जाता है। तत्पश्चात कर्मचारियों के खाते में राशि ट्रांसफर किया जाता है, इस प्रक्रिया में 4 से 6 महीने का समय लग जाता है। इन सबके बावजूद बीमार कर्मचारियों को संबंधित कार्यालय में रिश्वत भी देनी पड़ सकती है। श्री राजपूत ने बताया कि यह प्रक्रिया अधिक जटिल है।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### प्राइवेट पाठ्यक्रम के लिए पंजीयन प्रारंभ

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विवि ने प्राइवेट पाठ्यक्रम के लिए विद्यार्थियों का पंजीयन शुरू कर दिया है। एनईपी अंतर्गत अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों का पंजीयन संबंधित बेवसाइड में कर सकते हैं। केवल बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में ध्यायी/ प्राइवेट/ अमहाविद्यालयीन छात्र के रूप में शामिल होने वाले 31 अक्टूबर तक आवेदन व पंजीयन की हार्डकॉपी कॉलेज में जमा करने की अंतिम तारीख 1 नवंबर है।

### ग्राम महका में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

**कवर्धा।** दपंडरिया विधानसभा के ग्राम महका में दीपावली के पावन अवसर पर पूरे सप्ताह भर हमर महका सुघ्घर महका के थीम के तहत भव्य सांस्कृतिका और खेलकूद कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में ग्राम महका के सभी निवासी और विद्यार्थी शामिल हुए। सप्ताहभर कार्यक्रमों में रंगोली प्रतियोगिता, दौड़, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़ और पारंपरिक नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। बच्चों और युवाओं में प्रतियोगिताओं के प्रति उत्साह देखते ही बन रहा था। प्रतियोगिता के अंत में प्रतिभागियों को पुरस्कार और सम्मान देकर उनके मनोबल को बढ़ाया गया। कार्यक्रम में पिछले शिक्षा सत्र में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं को सुमिति और विशेष सहयोगियों द्वारा प्रतीक चिन्ह और पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। इस पहल ने विद्यार्थियों और ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। आयोजकों ने कहा कि आयोजन के दौरान पूरे गांव में खुशी का वातावरण था। ग्राम महका में इस प्रकार के आयोजन न केवल बच्चों के उत्साह को बढ़ाते हैं बल्कि स्थानीय संस्कृति और परंपराओं को भी जीवंत रखते हैं। आयोजन समिति ने कहा कि भविष्य में भी ग्रामीणों और विद्यार्थियों को जोड़कर कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।

# दस सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन ने किया अनिश्चितकालीन चक्काजाम

- कवर्धा से नहीं चली किसी भी रूट की बसें, दिनभर भटकते रहे यात्री, महासंगठन ने शासन के समक्ष रखी दस सूत्रीय मांगे

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन ने अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर 25 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन चक्काजाम कर दिया है। जिसके चलते शनिवार को कवर्धा में यात्री बसों के पहिए थमे रहे। बताया जाता है इस हड़ताल के चलते शनिवार को कवर्धा बस स्टैण्ड से किसी भी रूट के लिए यात्री बसों का संचालन नहीं किया गया जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

यहां बताना लाजिमी होगा कि कवर्धा से रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव, दुर्ग, जबलपुर, कोरबा, लखनऊ, नागपुर सहित अन्य रूटों की बसों का संचालन किया जाता है लेकिन शनिवार को इन सभी रूटों की बसों के पहिए थमे रहे। इस संबंध में छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन से मिली जानकारी के मुताबिक प्रांतीय आव्हान 25 अक्टूबर से दस सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालिन स्टेयरिंग छोड़ो आंदोलन शुरू किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से संपूर्ण छत्तीसगढ़ में पूर्ण शराब बंदी, छत्तीसगढ़ राज्य में ड्राईवर वेलफेयर बोर्ड का गठन किए जाने, वाहन चालकों के लिए सुरक्षा कानून हेतु चालक आयोग का गठन किए जाने, ड्राईवर की दुर्घटना में मृत्यु होने पर परिवार को 20 लाख रूपए का मुआवजा प्रदान किए जाने, ड्राईवर के दुर्घटना में दिव्यांग होने पर परिवार को 10 लाख का मुआवजा प्रवान किए जाने, 1 सितम्बर को ड्राईवर दिवस घोषित किए जाने, छत्तीसगढ़ राज्य में ड्राइवरों के बच्चों को निजी स्कूलों में शिक्षा का आरक्षण प्रदान किए जाने, छत्तीसगढ़ राज्य के ड्राईवरों के परिवार के लिए हेल्थ कार्ड जारी किए जाने, छत्तीसगढ़ राज्य के ड्राईवरों की 55 वर्ष उम्र पश्चात सरकार की तरफ से पेंशन राशि दिए जाने तथा बीएनएस की धारा 105 (दस) 10 साल की सजा और 8 हजार रूपए जुर्माना के कानून को हटाए जाने की मांग शामिल है। संघ महासंगठन ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं की जाती उनकी अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी।



### छुट्टी व त्यौहारी सीजन में भटकते रहे सैकड़ों यात्री

गौरतलब है कि इस समय शैक्षणिक संस्थानो में दीपावली अवकाश चल रहा है वहीं त्यौहारी सीजन भी है। ऐसे में कई लोग अपने घरों से बाहर है और अब संभवतः 28 अक्टूबर से समाप्त होने वाले अवकाश तथा त्यौहारों के समाप्त होने पर वे वापस लौटने वाले हैं लेकिन एन समय में बसों के बंद होने से इन लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। जिसका असर छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन की हड़ताल के पहले ही दिन से साफ दिखाई देने लगा है।

**हत्या:** परिवार की महिला सदस्य से कथित अवैध संबंध की शंका को लेकर हत्या

# चाचा ने की भतीजे की चाकू मारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के थाना क्षेत्रों में एक बार फिर हत्या जैसे संगीन अपराध के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। अभी हाल ही में जिले के पाण्डातराई थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम सोड़ा में एक ग्रामीण ने चरित्र शंका के चलते अपनी पत्नी के सिर पर सब्बल मार कर उसकी हत्या कर दी। वहीं बीते 24 अक्टूबर को ग्राम पोंड़ी के मकान में एक युवक का सड़ा गला शव संदिग्ध अवस्था में मिला है। इसी कड़ी में शुक्रवार की देररात कवर्धा कोतवाली अंतर्गत ग्राम सूखाताल में एक युवक की खून से लथपथ लाश मिली है। इस घटना के सामने आने के बाद पूरे गांव में हड़कंप और दहशत का माहौल देखा जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची कवर्धा पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात ग्राम सूखाताल निवासी मकान मालिक जब शौच के लिए बाहर निकला तो उसने अपने घर के परछी में चूल्हे के पास खून से सनी एक युवक की लाश देखी। अपने घर की परछी में खून से सनी युवक की लाश का खौफनाक दृश्य देखकर मकान मालिक ग्रामीण के होश उड़ गए और उसने इसकी जानकारी तत्काल अपने घर के दूसरे सदस्यों व आसपास के ग्रामीणों को दी। कुछ ही देर में इस घटना की खबर जंगल में आग की तरह फैल गई और मौके पर लोगों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। बाद में ग्रामीणों ने घटना की जानकारी कवर्धा सिटी कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कवर्धा पुलिस और एफएसएल की टीम ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस ने मृतक की पहचान विनोद साहू पिता मोहित साहू आयु 27 वर्ष निवासी सिंघनपुरी के रूप में की है। पुलिस ने बताया कि मृतक के गला को किसी धारदार हथियार से रेतकर हत्या की गई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। घटना देर रात की होने के कारण जांच कार्य सीमित रहा, लेकिन शनिवार सुबह पुलिस टीम फिर से गांव पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। सघन पूछताछ और प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने हत्या के आरोप में मृतक के मुंह बोले चाचा को गिरफ्तार किया है।



### हत्या के आरोप में चाचा गिरफ्तार

थाना कवर्धा क्षेत्र के ग्राम सुखाताल में शनिवार की रात एक युवक की चाकू मारकर हत्या की सनसनीखेज वारदात सामने आने के बाद हरकत में आई कवर्धा कोतवाली पुलिस ने घटना के महज चौबिस घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि मृतक विनोद साहू 27 वर्ष पिता मोहित साहू, निवासी ग्राम सिंघनपूरी चौकी पोड़ी, थाना बोड़ला का अपने ही चाचा विश्वनाथ साहू आयु 35 वर्ष के परिवार की महिला सदस्य से कथित अवैध संबंधों को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते शुक्रवार की रात दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया और विवाद इतना बढ़ा की आरोपी ने गुस्से में आकर चाकू से वार कर विनोद की हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से भागने की फिराक में था, लेकिन कवर्धा पुलिस की चौकसी और तेजी से की गई कार्रवाई के चलते उसे मात्र दो घंटे में ही गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है और पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

# सिल्हाटी में बच्चों के विवाद बीच चाकूबाजी

### चार आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭सिल्हाटी

सहसपुर लोहारा थाना अंतर्गत ग्राम सिल्हाटी में बीते शुक्रवार की रात करीब 7.00 से 8.00 बजे के बीच मामूली विवाद ने चाकू बाजी का रूप ले लिया। जिसमें एक युवक दिलीप जोशी गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि यह विवाद छोटे बच्चों के साइकिल और मोटर साइकिल के टकराने से शुरू हुआ जिसने बाद में उग्र रूप लेकर चाकूबाजी तक पहुंच गया। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की रात स्थानीय स्कूल तरफ की ओर से एक स्थानीय बच्चा सायकिल लेकर आ रहा था इसी दौरान उसकी सायकल दूसरे बच्चे की मोटर सायकल से टकरा गई बस इसी बात को लेकर दोनो बच्चों के परिवारों के बड़ों के बीच लड़ाई झगड़ा शुरू हो गया। मीनेश वैष्णव और दिलीप जोशी के बीच हुए इस झगड़े में दिलीप के शरीर में तीन जगह गंभीर चोटे आई है जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में सिल्हाटी निवासी हरीश वैष्णव, नितेश उर्फ़ नितिन वैष्णव, मितेश वैष्णव और लोहारा निवासी अभिषेक शर्मा के शामिल होने की जानकारी स. लोहारा पुलिस से मिली है। आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 109(1).296, 351 (3), 3 (5) बीएनएस के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके से रामपुरी चाकू बरामद किया है। पुलिस टीम में डीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी, टीआई मनीष मिश्रा, एएसआई बलदाऊ भट्ट और अन्य स्टाफ ने आरोपियों को पकड़ने में सराहनीय भूमिका निभाई है।

# देर रात तक तेज आवाज में डीजे बजाने वालों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही

- डीजे राजसात करने का दिया आदेश, ठोंका गया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के सभी डीजे संचालकों की मीटिंग स्वयं पुलिस अधीक्षक द्वारा लेकर स्पष्ट रूप से निर्देश और समझाइश दी गई थी कि किसी भी आयोजन में देर रात तक और ज्यादा तेज आवाज में डीजे नहीं बजाया जाएगा तथा माननीय न्यायालय के निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। इसके बावजूद कुछ डीजे संचालकों द्वारा लापरवाही बरतते हुए देर रात तक तेज आवाज में डीजे बजाकर आमजन को असुविधा और शांति भंग की जा रही थी। जिसे देखते हुए गत दिनो रात्रि में गंगानगर डीजे बंगला के पास पिकअप वाहन क्रमांक सीजी-09 जेई-6147 में डीजे साउंड सिस्टम लगाकर रात 11.30 बजे के बाद तेज ध्वनि में फिल्मी गाने बजाए जा रहे थे। इसकी सूचना पर थाना कवर्धा द्वारा तत्काल दबिश दी गई और वाहन चालक गुलशन सिंह राजपूत पिता डाकोर सिंह राजपूत उम्र 21 वर्ष निवासी अमलीडिह, थाना कवर्धा के विरुद्ध धारा 3, 5, 15 छ.ग. कोलाहल अधिनियम 2000 के तहत इस्तगासा पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई। पुलिस ने मौके से 8 नग स्पीकर सहित डीजे साउंड सिस्टम एवं पिकअप वाहन को जप्त किया गया एवं माननीय न्यायालय में पेश किया गया जहां माननीय न्यायालय द्वारा 24 अक्टूबर को डीजे सिस्टम को राजसात करने का तथा वाहन स्वामी पर 1000 रुपए का जुर्माना का आदेश दिया गया है। कबीरधाम पुलिस जिले में ध्वनि प्रदूषण, सार्वजनिक असुविधा और न्यायालयीय निर्देशों के उल्लंघन के विरुद्ध सख्त रुख अपनाए हुए है। यह कार्यवाही उन सभी डीजे संचालकों के लिए चेतावनी है जो नियमों का पालन नहीं करते। आगे से यदि किसी ने देर रात तेज ध्वनि में डीजे बजाया तो उसके विरुद्ध भी इसी प्रकार कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।



# सिद्धपुर में भगवत कथा सुनने उमड़ रही श्रोताओं की भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

सिद्धपुर नवागांव में पाठक परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में समुद्र मंथन व वामन अवतार की कथा व्यासपीठ द्वारा सुनाई गई। श्रीमद् भावगत कथा ज्ञान यज्ञ में शनिवार को देवताओं एवं राक्षसों के बीच समुद्र मंथन एवं वामन अवतार का वर्णन किया गया। कथा वाचक महाराज नृसिंह ने राक्षस और देवताओं के बीच समुद्र मंथन की मधुर कथा सुनकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। व्यासपीठ ने कहा कि समुद्र मंथन से निकलने वाले रत्नों के बंटवारे को लेकर विवाद के बाद भगवान विष्णु के मोहनी रूप का दृष्टांत प्रस्तुत किया गया। इसके बाद राजा बलि का अभिमान तोड़ने के लिए वामन अवतार देखकर लोग भक्ति से प्रफुल्लित उठे। यजमान श्रीमती दीपांजलि, श्रीमती वर्षा, परितोष पाठक, श्रीमती विभा नंदी पाठक ने वामन भगवान की आरती व पूजा अर्चना की। कथा का श्रवणपान करने बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित थे।

# छिरहा प्राचार्य डॉ. रमेश चंद्रवंशी ने अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़कर रचा इतिहास

- गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दूसरी बार नाम दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



मेहनत और लगन से किसी भी ऊंचाई को प्राप्त किया जा सकता है। इसे एक बार फिर चरितार्थ करते हुए कबीरधाम जिले के एक साधारण से गांव से निकले शिक्षाविद ने असाधारण उपलब्धि हासिल किया है।

जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य और ग्राम परसवारा निवासी डॉ. रमेश कुमार चंद्रवंशी ने ज्ञान की अनवरत साधना और सीखने की अदम्य इच्छाशक्ति के बल पर शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐसी मिशाल कायम किया है, जो पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। डॉ. चन्द्रवंशी ने अपने ही पुराने विश्व रिकॉर्ड को ध्वस्त करते हुए एक ही विश्वविद्यालय से तेरह विषयों में मास्टर डिग्री हासिल कर एक नया विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है, जिसके चलते उनका नाम प्रतिष्ठित गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दूसरी बार स्वर्णिम अक्षरों में अंकित हो गया है। उन्हें यह सम्मान मोस्ट मास्टर डिग्री अर्नड फ्रॉम वन यूनिवर्सिटी अर्थात एक ही विश्वविद्यालय से अर्जित सर्वाधिक मास्टर डिग्रियां शीर्षक से प्रदान किया गया है। उन्होंने अपनी सभी तेरह मास्टर डिग्रियां छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से ही प्राप्त किया है। इससे पहले वर्ष 2023 में भी यह विश्व रिकॉर्ड बारह विषयों में मास्टर डिग्री के साथ उन्हीं के नाम दर्ज था, जिसे अब उन्होंने स्वयं ही वर्ष 2025 में अंग्रेजी साहित्य में तेरहवीं मास्टर डिग्री पूरी कर तोड़ दिया है।

### तीन दशकों की अनवरत ज्ञान साधना

डॉ. रमेश कुमार चंद्रवंशी की यह यात्रा कोई दो-चार वर्षों की नहीं, बल्कि तीस वर्षों की तपस्या का फल है। उनकी इस ज्ञान यात्रा का शुभारंभ सन 1996 में हुआ, जब उन्होंने पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से गणित विषय में एम.एस-सी. की उपाधि प्रावीण्य सूची में पांचवां स्थान प्राप्त करते हुए हासिल की। सन 2005 में विभागीय चयन प्रक्रिया के आधार पर शासकीय शिक्षा महाविद्यालय रायपुर से प्रथम श्रेणी में मास्टर ऑफ एजुकेशन की उपाधि प्राप्त किया। सन 2004 में राजनीति विज्ञान, 2007 में अर्थशास्त्र, 2009 में इतिहास, 2011 में हिन्दी साहित्य, 2013 में समाजशास्त्र, 2015 में लोकप्रशासन, 2017 में भूगोल, 2019 में दर्शनशास्त्र, 2021 में प्राचीन भारतीय इतिहास, 2023 में भाषाविज्ञान एवं वर्तमान वर्ष 2025 में अँग्रेजी में मास्टर डिग्री प्राप्त किया है। इस लंबी अवधि के दौरान उनके सामने कई व्यक्तिगत और व्यावसायिक चुनौतियां आया, लेकिन उन्होंने धैर्य और दृढ़ संकल्प के साथ अपनी पढ़ाई जारी रखा।

### मांगों को लेकर निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन, संघो ने दी अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

# सेवा सहकारी समिति कर्मचारी संघ व कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा।

15 नवम्बर से प्रारंभ होने वाली समर्थन मूल्य में धान खरीदी के पूर्व सेवा सहकारी समिति कर्मचारी संघ एवं कम्पयुटर ऑपरेटर संघ ने अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर एक बार फिर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। अपनी मांगों को लेकर दोनों ही संघों ने जिला मुख्यालय कवर्धा में शनिवार को रैली निकाली और अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री तथा वित्त मंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। मांगों को लेकर रैली की सक्ल में जिला कार्यालय पहुंचे सेवा सहकारी समिति संघ के कर्मचारियों तथा कम्पयूटर ऑपरेटरों ने बताया कि वे अपनी जायज मागों को लेकर वर्षो से संघर्ष करते आ रहे हैं लेकिन आज पर्यंत उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया है। समिति कर्मचारियों ने बताया कि जिले में इस बार भी 15 नवम्बर से धान खरीदी की घोषणा कर दी है लेकिन अभी तक कई समितियों में धान का उठाव नहीं हुआ है। समिति द्वारा वर्षो से सूखत क्षतिपूर्ति की मांग शासन से की जा रही है लेकिन शासन ने आज तक इस मांग को पूरा नहीं किया है जिसका खामियाजा समितियों को कई रूपों में भुगतना पड़ रहा है। इसी प्रकार कम्प्यूटर ऑपरेटरों ने बताया कि वे समितियों में वर्षो से काम करते आ रहे हैं और लगभग पूरे 12 महिने अल्प वेतनमान में काम करते हैं। लेकिन अब सरकार ने नई धान खरीदी नीति के तहत कम्प्यूटर ऑपरेटरों को मात्र 6 माह का वेतन देने का ऐलान किया है जो कम्प्यूटर ऑपरेटरों के साथ अन्य है। दोनो ही संघ ने बताया कि मुख्य रूप से सूखत क्षतिपूर्ति दिए जाने तथा कम्प्यूटर ऑपरेटरों को नियमित किए जाने की मांग को लेकर शासन को ज्ञापन सौंपा गया है। संघों ने बताया कि आज यह सांकेतिक प्रदर्शन था अगर उनकी मांगों को जल्द ही पूरा नहीं किया गया तो आने वाले दिनो में अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ की जाएगी जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।



# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए देश के श्रेष्ठ निजी आवासीय विद्यालयों में मिलेगा प्रवेश अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अनुसूचित जाति के मेधावी विद्यार्थियों को देश के सर्वश्रेष्ठ निजी आवासीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार की श्रेष्ठ योजना (लक्षित क्षेत्रों के उच्च विद्यालयों में छात्रों के लिए आवासीय शिक्षा योजना श्रेष्ठ) के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2025, शाम 5 बजे निर्धारित की गई है। इस योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से कक्षा 9 और 11 में प्रवेश के लिए 3000 नए विद्यार्थियों का चयन किया जाता है, जो कक्षा 12वीं तक की शिक्षा पूरी करते हैं। स्कूलों का आबंटन योग्यता और विद्यार्थियों की प्राथमिकता के आधार पर ऑनलाइन काउंसिलिंग के माध्यम से किया जाता है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा वर्ष 2022-23 से संचालित यह योजना राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित निजी आवासीय विद्यालयों के माध्यम से अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश का अवसर प्रदान करती है। इसके लिए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा (श्रेष्ठ) का आयोजन किया जाता है। आगामी परीक्षा दिसंबर 2025 में संभावित है। श्रेष्ठ योजना के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष सर्वोत्तम निजी आवासीय विद्यालयों का चयन का मापदंड ऐसे विद्यालय हैं जो न्यूनतम पाँच वर्षों से सतत रूप से संचालित हों, पिछले तीन वर्षों में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में कम से कम 75 प्रतिशत या उससे अधिक उत्तीर्णता दर प्राप्त कर चुके हों, तथा जिनके पास कक्षा 9वीं और 11वीं में अतिरिक्त रूप से कम से कम 10 अनुसूचित जाति विद्यार्थियों को समायोजित करने हेतु आवश्यक एवं उपयुक्त बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों।